1-O.P. Jindal Global University (JGU) is ranked among the world's top 500 universities in the prestigious QS Graduate Employability Rankings (GER) 2022, released.

ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी को जारी प्रतिष्ठित क्यूएस ग्रेजुएट एम्प्लॉयबिलिटी रैंकिंग (जीईआर) **2022** में दुनिया के शीर्ष **500** विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है।

2-India's flagship health programme, Ayushman Bharat – the Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana has completed three years. Around two crore 20 lakh people have been benefited under the scheme launched on this day in 2018 by Prime Minister Narendra Modi.

भारत का प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। **2018** में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत लगभग दो करोड़ बीस लाख लोगों को लाभ मिला है।

3-"Exporters Conclave" cum Exhibition inaugurated by Ms. Shobha Karandlaje, Union Minister of State for Agriculture and Farmers Welfare.

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने "एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव" कम एग्जीबिशन का उद्घाटन किया।

4-National Single Window System for Investors and Businesses Launched by Union Minister for Commerce & Industry, Textiles, Consumer Affairs & Public Distribution Piyush Goyal.

केन्द्रीय वाणिज्य उद्योग, टैक्सटाइल उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने निवेशकों और व्यवसायों के लिए राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली की शुरूआत की।

5-Union Minister Dr Jitendra Singh inaugurated'Jammu Haat', a hub of export promotion at Exhibition Ground, Jammu.

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रदर्शनी मैदान, जम्मू में निर्यात प्रोत्साहन केंद्र 'जम्मू हाट' का उद्घाटन किया।

6-Department of Animal Husbandry and Dairying signed Memorandum of Understanding with Bill and Melinda Gates Foundation to support India's livestock sector.

पशुपालन और डेयरी विभाग ने भारत के पशुधन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

7-Air pollution is one of the biggest environmental threats to human health alongside climate change, the World Health Organisation said as it released its new air quality guidelines for the first time since its last global update in 2005.

वर्ष **2005** के बाद पहली बार अपने नये वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश जारी करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन के साथ ही प्रदूवायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में एक है।

8-REC Limited, a public infrastructure finance company under the Ministry of Power and the Abdul Latif Jameel Poverty Action Lab (J-PAL) South Asia are partnering to create an annual, data-based assessment of 79 public and private power distribution companies (DISCOMS) across the country to improve consumer service delivery and ensure reliable electricity supply to consumers.

बिजली मंत्रालय के तहत सार्वजनिक अवसंरचना वित्त कंपनी आरईसी लिमिटेड तथा अब्दुल जीमल पॉवर्टी एक्शन लैब (जे-पाल) साउथ एशिया उपभोक्ता सेवा प्रदान करने में सुधार लाने और उपभोक्ताओं को भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए देश भर में **79** सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के वार्षिक**,** डाटा आधारित आकलन का निर्माण करने के लिए साझीदारी कर रही हैं।

9-Bangladesh economy is projected to grow at 6.8 percent for the fiscal year 2022, says the latest Asian Development Outlook (ADO) 2021 released by the Asian Development Bank (ADB).

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा जारी नवीनतम एशियाई विकास आउटलुक (एडीओ) **2021** के अनुसार**,** वित्त वर्ष **2022** में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था के **6.8** प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

10-The United Nations has announced to release USD 45 million in life-saving support from the UN's Central Emergency Response Fund to help prevent Afghanistan's healthcare system from collapse.

संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में मदद के लिए आपातकालीन कोष में **4.5** करोड़ डॉलर जारी करने की घोषणा की है।

11-Former Commissioner of Delhi Police, Yudhvir Singh Dadwal, has passed away in Chhattarpur. He was 70.

दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त युद्धवीर सिंह डडवाल का छतरपुर में निधन हो गया। वह **70** वर्ष के थे।